भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल

फाइल संख्या: नीलामी/2025-26/आर.एस.-क/2242 दिनांक :19.03.2026

अल्पकालीन नीलामी सूचना

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की तरफ से गेहूं की विभिन्न प्रजातियों की कंबाइन हार्वेस्टर मशीन द्वारा कटाई हेतु नीलामी निविदा पत्र आमंत्रित करते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार है:

क्रम संख्या	**नीलामी विवरण**	**अग्रिम राशि**	**निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय**	**निविदा खोलने की तिथि एवं समय**
1	गेहूं की विभिन्न प्रजातियों की कंबाइन हार्वेस्टर मशीन द्वारा कटाई एरिया :177 एकड़	₹10,000/- डिमांड ड्राफ्ट	02 अप्रैल, 2026 सायं 2:50 बजे	02 अप्रैल, 2026 सायं 3:00 बजे

नोट: सफल निविदाकार द्वारा जमा की गई अग्रिम राशि को सुरक्षा में परिवर्तित कर दिया जाएगा, जो कि कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर वापस की जाएगी, अन्यथा निविदाकार की अग्रिम राशि को प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस किया जाएगा।

उपरोक्त नीलामी लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित निविदा प्रारूप सीलबंद लिफाफे में अपनी निविदा इस कार्यालय को जमा कर सकता है।

निविदा हेतु नियम व शर्तें:

- निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली किसी भी निविदा को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने अथवा निविदाओं को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं।

• निविदा खुलने के समय निविदाकार स्वयं लिखित रूप में अधिकृत के माध्यम से कार्यालय परिसर में उपस्थित हो सकते हैं।

• सभी निविदा बंद लिफाफे में जमा की जाएंगी। निविदा कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजी जा सकती है। यह सुनिश्चित भेजने पर कोई क्षतिदेरी के लिए यह केंद्र / जिम्मेदार नहीं होगा। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

• निविदाकार तथा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने पर इसकी क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।

• सफाई करने के लिए कंबाइन के जिन भी पुर्जों अथवा भागों को खोलने के लिए कहा जाएगा, उन्हें मशीन संचालक स्वयं खोलकर देगा।

•गेहूं की लगभग 14 प्रजातियों की कटाई होगी तथा प्रत्येक प्रजाति की कटाई के उपरांत मशीन की सफाई IARI, RS के स्टाफ के द्वारा की जाएगी।

• मशीन की अच्छी तरह से सफाई होने के बाद, IARI स्टाफ की निगरानी में कटाई करवाई जाएगी।

• ठेकेदार को दर प्रति एकड़ के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

• कार्य अप्रैल के तीसरे सप्ताह में शुरू किया जाएगा। वास्तविक कटाई के क्षेत्रफल के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

• संस्थान द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से कम राशि प्राप्त होने की स्थिति में उस समय समिति के समक्ष ही पुनः बंद निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है।

• निविदाकारों को निविदा के साथ बयाना राशि (EMD) रु .10,000/- अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल के नाम का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। किसी अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसी निविदाएं तथा बिना बयाना की निविदाएं अस्वीकार की जाएंगी।

• बयाना राशि (EMD) का डिमांड ड्राफ्ट अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशित होने के बाद जारी किया जाना चाहिए। नीलामी सूचना के प्रकाशन से पहले जारी किए गए बयाना राशि के डिमांड ड्राफ्ट मान्य नहीं होंगे।

• किसी भी विषय से संबंधित सर्वाधिकार अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल को सुरक्षित होगा।

• यदि कोई अन्य शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जाएगी।

शिवकुमार यादव
19/03/2026

अध्यक्ष

19/3/26

फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)

1. निविदा देने वाले का नाम :

2. पत्राचार का पता :

3. दूरभाष संख्या :

4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय 02 अप्रैल, 2026 सायं 3:00 बजे

प्रक्षेत्र	कार्य	क्षेत्रफल	रेट प्रति एकड़
		177 एकड़	

नाम ______________________

तिथि ______________________

मोबाइल नं .______________________

ईमेल ______________________

ठेकेदार के हस्ताक्षर निविदाकार की स्टाम्प सहित